भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4796
दिनांक 23.07.2019

अनंत परियोजना

4796. श्री तालारी रंगैय्या:

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की अध्यक्षता वाली एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा बनाई गई और 7676 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से आंध्र प्रदेश में सूखा प्रभावित जिला अनंतपुर के लिए पूर्व योजना आयोग द्वारा वर्ष 2013 में मंजूर की गयी 'परियोजना अनंथा' को अनंतपुर जिला मुख्यालय में 3 जनवरी, 2014 को शुभारंभ किया गया था और क्या आंध्र प्रदेश राज्य के विभाजन के बाद इसे बंद कर दिया गया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) आंध्र प्रदेश के सूखा प्रभावित जिले अनंतपुर के लिए एक समग्र परियोजना 'परियोजना अनंथा' की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि और किसान कल्याण मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (ग): जी, नहीं। आन्ध्र प्रदेश सरकार के आदेश पर एक उच्च स्तरीय भाकृअप विशेषज्ञ समिति ने अनंतपुर जिले में कृषि-स्थिति का अध्ययन किया और एक तकनीकी रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए आन्ध्र प्रदेश सरकार ने तत्कालीन योजना आयोग को ''परियोजना अनंथा'' प्रस्ताव को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया था। जिसने नवोन्मेषी कृषि पद्धतियों के माध्यम से अनंतपुर जिले में सूखे का सामना करने के लिए वार्षिक योजना 2013-14 के दौरान ''परियोजना अनंथा'' को रु. 30.00 करोड़ की ''एक मुश्त अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता (ओटीएसीए)'' राशि अनुमोदित की। इसके लिए भारत सरकार ने 30 मार्च, 2014 को रु. 24.18 करोड़ की राशि जारी की। ''परियोजना अनंथा'' को ओटीएसीए का अनुमोदन राज्य सरकार के इस आश्वासन पर दिया गया था कि इसमें भारत सरकार के अन्य जारी कार्यक्रमों/योजनाओं की कोई पुनरावृत्ति नहीं होगी और इसे ओटीएसीए के दिशा-निर्देशों के तहत कार्यान्वित किया जाएगा।

****